# सुख सागर टाइम्स

SSMCH
HOSPITAL •RESEARCH •EDUCATION

जुलाई-सितम्बर 2023 | अंक- 3

सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का आंतरिक प्रकाशन



इस अंक मे

- डॉक्टर्स डे
- विश्व जनसंख्या दिवस
- 15 अगस्त
- फिजियोथेरपी दिवस
- मेडीलेन्स चित्र प्रतियोगिता
- नर्सिंग कॉलेज का दुग्ध संघ भ्रमण।
- गणेश उत्सव
- कैम्प
- रक्तदान शिविर
- जननी-मित्र टीम की उपलब्धि



ग्राम-मुकनवारा, चरगवां रोड, जबलपुर (म.प्र.) | Call : 0761-4470000

# डॉक्टर्स डे @SSMCH



सुख सागर मेडिकल कॉलेज में 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया गया । इस अवसर पर एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कौस्तुभ वर्मा ने डॉक्टरों को धन्यवाद देते हुए मानवता की सेवा में उनके योगदान को याद दिलाया और उन्हें इस कठिन कार्य को इतनी सहजता से करने के लिए सेल्यूट कहा और भविष्य के लिए शुभकामना दी।

मेडिकल डायरेक्ट डॉ. लोकवानी ने डॉक्टरों को डॉक्टर डे पर शुभकामनाये दी। और कहा कि कुछ व्यसाय ही ऐसे हैं जिसमें अभी तक लोग साहब कह कर बुलाते हैं। डॉक्टर बनने की यात्रा आसान नही है, इस बात को पूरा विश्व एकमत से मानता है। यह काम हमें दूसरों से अलग करता है और यह बहुत बड़ी जवाबदारी है। उन्होंने कहा कि आपके लिए मरीज ना कस्टमर है ना ही कंज्यूमर है। वह एक धड़कता दिल ले कर आपके पास विश्वास से आता है, इसलिए उसका धर्म और आध्यात्मिकता से अलग है। डॉक्टर शब्द की अपनी एक महिमा है,उस गौरव को सम्मान से जीयें और उन्होंने डॉक्टरों को शुभकामना दी।

कॉलेज के डीन डॉ. प्रदीप कसार ने डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कॉलेज की छवि आसपास के क्षेत्र में बहुत खास है और हम उसे बनाएं रखें मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉ. निपुन अग्रवाल ने डॉक्टरों को शुभकामना देते हुए कहा कि हम सब यह संकल्प लें कि हम निःस्वार्थ भाव से अपना कर्तव्य निभाते रहेंगे।

जनरल मैनेजर श्री एंटोनी ने कहा कि लोग डॉक्टर को भगवान का दर्जा देते है। बाइबल में कहा गया है कि यदि तुम गरीब की सेवा करते हो तो तुम ईश्वर की सेवा करते हो। उन्होंने डॉक्टरों को शुभकामना दी।

मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. कवनीत ने सुखसागर मेडिकल कॉलेज के खुलने के विचार का इतिहास डॉक्टरों को बताया और डॉक्टरों को इस यात्रा में उनके साथ चलने के लिए धन्यवाद कहा । उन्होंने कहा कि आप सभी के बिना यह सपना देखना भी संभव नही था। उन्होंने सभी को धन्यवाद कहा और भविष्य के लिए शुभकामना दी।







## 1 जुलाई

# डॉक्टर्स डे:










## हमें इन पर नाज़ है : सेजल राजपूत



सुख सागर मेडिकल कॉलेज की छात्रा सेजल राजपूत ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष की परीक्षा में पूरे विश्वविद्यालय में पांचवा स्थान और एनाटॉमी विषय मे प्रदेश में सर्वाधिक नम्बर अर्जित करके सुखसागर मेडिकल कॉलेज का नाम रौशन किया है। सेजल की इस उपलब्धि पर उन्हें कॉलेज की तरफ से एक लाख रुपये की स्व. ज्ञानजीत खन्ना और स्व. संतोष कौर स्कॉलरशिप प्रदान की गई ।




# 11 जुलाई
# विश्व जनसंख्या दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

11 जुलाई को विश्व जनसंख्या, दिवस का आयोजन किया गया । इसमें कम्युनिटी मेडिसिन और लिटरेसी कमेटी नें ''क्या भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून होना चाहिए'' विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया । जिसमें 7 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपना-अपना पक्ष रखा। विजयी छात्रों में प्रथम स्थान पर मिताली तिवारी, दूसरे स्थान पर मोहित जैन एवं तीसरे स्थान पर भव्या सिंह रहीं। मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. कवनीत खन्ना ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सभी विभागों के विभागाध्यक्ष ने उपस्थित हो कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।









# 15 अगस्त @ SSMCH
## कुछ झलकियां...








# 15 अगस्त




















# फिजियोथेरपी


## दिवस मनाया गया।

सुख सागर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 सितंबर को फिजियोथेरपी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. निपुन अग्रवाल ने डिपार्टमेंट के सदस्यों को बधाई देते हुए मेडिकल प्रोफेशन में इसके महत्व को बताया साथ ही यह भी बताया कि फिजियोथेरिपी व्यायाम से कैसे अलग है।

एनोटॉमी विभाग के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट डॉ. वर्मा ने कोविड के दौर के अपने अनुभव के बारे में बताया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. ऊषा बघेल, रुपाली ने केक काटा और सभी को आने के लिए धन्यवाद कहा।











## 16 सितम्बर

# मेडीलेन्स चित्र प्रतियोगिता

सुखसागर मेडिकल कॉलेज में डीन ऑफिस के कोरिडोर में आज मेडीलेन्स छाया चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. कवनीत खन्ना ने की । इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मेडिकल पढ़ रहे बच्चों की यह प्रतिभा देख कर सभी अचंभित हैं। छात्रों को शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने छात्र जीवन में अपनी हॉबी को भी समय दें वह उन्हें इस कठिन पढ़ाई के तनाव को दूर करने में मदद करेगा। डॉ. प्रदीप कसार, डॉ. ऋषिकांत अग्रवाल। डॉ. पारकर इसकी निर्णायक समिति के सदस्य थे। इस कार्यक्रम का आयोजन आर्ट्स कमेटी द्वारा डॉ. सविता वर्मा के नेतृत्व में किया गया ।

### महतव्यपूर्ण भूमिका

जिन छात्रों ने मेडीलेन्स के आयोजन में महतव्यपूर्ण भूमिका निभाई-मोहित जायसवाल,साहिल सोलंकी, हार्दिक सक्सेना, उत्कर्ष मूणत, गगन वर्मा, कीर्ति गुलानी, आर्शिया शेख, अमीषा चोयल, आस्था गुप्ता, अंशु दिवाकर, ऋषिता चौबे, निकिता पाटीदार, तनुश्री रघुवंशी आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

### परिणाम

आर्टिटेक्चर फोटो में - प्रथम तनश्री रघुवंशी, दूसरा-नवनीत गुप्ता । पोर्ट्रेट श्रेणी- प्रथम मनीष लेशकन, द्वितीय-राज यादव।
नेचर श्रेणी- प्रथम -जय पाटीदार, द्वितीय - उत्कर्ष मूणत केडेड लाइफ - प्रथम - सौरभ बर्फा, द्वितीय-हर्ष उदयवाल
फेस्टिवल थीम-प्रथम- अर्चित गुप्ता द्वितीय- मुग्धा सिंह ठाकुर सभी श्रेणी में - कुल 61 छायाचित्र शामिल हुए।











26 अगस्त

# नर्सिंग स्टूडेंट्स का दुग्ध संघ भ्रमण

सुख सागर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत स्टूडेंट का ओरिएंटेशन कार्यक्रम दुग्ध संघ मर्यादित कार्यालय में किया गया। जहां पर सुश्री रश्मि तिवारी ने नर्सिंग छात्रों को दुग्ध शुद्धिकरण के बारे में विस्तार से बताया।








16 सितम्बर

# गणेश उत्सव @ SSMCH

**कॉलेज के ग्रीन कॉरिडोर में छात्रों नें गणेश प्रतिमा की स्थापना कर धूमधाम से गणेशोत्सव मनाया। इस अवसर पर छात्रों ने फैकल्टी के लिए नीबू-चम्मच दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया।जिसमें विभिन्न श्रेणियों में विजेता रहे -**

## विभिन्न श्रेणियों के विजेता -

कॉलेज फैकलिटी -डॉ. एस. पी. पांडेय
हॉस्पिटल डॉक्टर्स- प्रथम -डॉ. विशाल असरानी ।
द्वितीय डॉ.रेखा चौधरी। तृतीय डॉ. पूर्णिमा रहे।
इस अवसर पर कॉलेज के अधिकांश फेकलिटी और हॉस्पिटल से डॉक्टर भी उपस्थित थे।








# कैम्प

## ग्राम - महगवां, विजय राघवगढ़ जिला-कटनी
## 27/09/2023








## 15 अगस्त

# स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान शिविर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर SSMCH में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 25 रक्त-दानियों ने 25 यूनिट रक्तदान किया।
















## जननी-मित्र टीम की उपलब्धि

सुख सागर मेडिकल कॉलेज एन्ड हॉस्पिटल की जननी मित्र टीम के सदस्यों ने पिछले 3 महीनों में लगभग 196 गावों में संपर्क कर लोगों विशेषकर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,ग्राम सरपंच और ग्राम सचिवों के साथ बातचीत कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।








ज्ञानजीत ट्रस्ट के अंतर्गत सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जबलपुर, मध्यप्रदेश का आंतरिक प्रकाशन, गैर व्यापारिक उद्देश्य हेतु। प्रधान संपादक - श्री बी.एस.खन्ना। सलाहकार संपादक - श्री रमदीप खन्ना। मुख्य संपादक - श्री कौस्तुभ वर्मा। सम्पादक-रंजना। विशेष सहयोग - नौशाद आलम सिद्दिकी। डिजाइन-धनंजय नायडू।

ई-मेल ssmchnewsletter@gmail.com
फोन +91 9607077886